हम फाइनेंशियल वेलबीइंग कलेक्टिव के सदस्य हैं – जो एकीकृत और व्यक्ति-केंद्रित सेवाओं की एक श्रृंखला प्रदान करने के लिए गैर-लाभकारी सामुदायिक सेवा संगठनों और स्थानीय सरकार का एक संयुक्त उपक्रम है।

फाइनेंशियल वेलबीइंग कलेक्टिव के हिस्से के रूप में, हम वेस्टर्न ऑस्ट्रेलियाई समुदाय में वित्तीय कठिनाई लाने वाले कारकों और उनके प्रभावों को कम करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

फाइनेंशियल वेलबीइंग कलेक्टिव के बारे में यहां और जानें: **thefwc.org.au**

Financial Wellbeing Collective

Proud Partner

Uniting WA यूनाइटिंग चर्च वेस्टर्न ऑस्ट्रेलिया का एक सामुदायिक सेवा संगठन है। हम पूरे पर्थ मेट्रो क्षेत्र और ग्रेट सदर्न में जटिल चुनौतियों का सामना करने वाले लोगों का समर्थन करते हैं।

एक संगठन के रूप में, हम विविधता का सम्मान करते हैं और जातीयता, धार्मिक विश्वास, उम्र, क्षमता, संस्कृति, भाषा, लिंग पहचान या यौन अभिमुखता की परवाह किए बिना सभी लोगों का स्वागत करते हैं।

हम फ़र्स्ट पीपुल्स की समुदाय और देश से जुड़ी ताकत और संयोजन को पहचानते हैं। और हम सकारात्मक परिणाम प्राप्त करने के लिए फ़र्स्ट पीपुल्स के ज्ञान, उनकी कहानियों और उनकी संस्कृति को अपनाने में विश्वास करते हैं।

## संपर्क करें

08 9220 1255

fws@unitingwa.org.au

GPO Box B74,
Perth WA 6838

**unitingwa.org.au**

यदि आपको यह जानकारी किसी भिन्न प्रारूप में चाहिए, तो कृपया संपर्क करें।

वित्तीय कल्याण सेवाएँ

Uniting WA
**वित्तीय कल्याण सेवाएँ**

**ईमेल**
**fws@unitingwa.org.au**

**फ़ोन**
**08 9220 1255**

**या यहाँ जाएँ**
**unitingwa.org.au**

# वित्तीय कठिनाइयों के दौरान आपकी सहायता।

Uniting

## आपातकालीन राहत

आपातकालीन राहत (Emergency Relief -ER) आसन्न वित्तीय संकट का सामना कर रहे लोगों के लिए सहायता प्रदान करता है।

यदि आप भोजन का इंतजाम करने या अपने बिलों का भुगतान करने में सक्षम नहीं हैं - या आपके सामने दवा खरीदने जैसे अप्रत्याशित खर्चे हैं - तो हम मदद कर सकते हैं।

पर्थ या जूनडलप में ER अपॉइंटमेंट के लिए:

मंगलवार से शुक्रवार तक सुबह 11 बजे **9220 1255** पर कॉल करें।

## वित्तीय परामर्श

यदि आप वित्तीय कठिनाई में हैं तो हमारे मान्यता प्राप्त काउंसलर आपकी सहायता के लिए मौजूद हैं। हम आपकी स्थिति को समझने के लिए आपके साथ काम करेंगे, आपके विकल्पों पर चर्चा करेंगे और समाधान खोजने में आपकी सहायता करेंगे।

हमारे काउंसलर आपकी ओर से कार्य कर सकते हैं और भुगतान योजना बनाने और कठिनाई से निकलने को व्यवस्थित करने के लिए आपके लेनदारों - जैसे बैंक और यूटिलिटी कंपनियाँ - के साथ बातचीत कर सकते हैं।

हम सेंट्रल पर्थ, फ़्रेमेंटले, जूनडलप, यांचेप और स्कारबोरो में मिलने का समय प्रदान करते हैं।

एक सप्ताह पहले वित्तीय परामर्श के लिए अपॉइंटमेंट लेने के लिए हर सोमवार को सुबह 8:30 बजे **9220 1255** पर कॉल करें।

## व्यक्तिगत कोचिंग

फाइनेंसियल कोचिंग एक दोस्त के साथ बातचीत करने जैसा है, जो कुछ सत्रों में आपकी फाइनेंसियल फिटनेस को आकार देने में आपकी मदद करेगा। आप इसे एक-एक करके या समूह के साथ कर सकते हैं।

हमारे मुफ़्त कोचिंग सेशन 40 मिनट तक चलते हैं, और आप हमसे व्यक्तिगत रूप से, फ़ोन पर या ऑनलाइन चेट कर सकते हैं।

## फाइनेंसियल वेल्बीइंग वर्कशॉप्स

फाइनेंसियल वेल्बीइंग वर्कशॉप्स के साथ अपने ग्राहकों को उनके फाइनेंस को प्रभावी तरीके से प्रबंधित करने के ज्ञान और कौशल से सशक्त बनाएँ।

हमारे वर्कशॉप्स व्यावहारिक सलाह, फाइनेंसियल आत्मविश्वास, महत्वपूर्ण जीवन कौशल प्राप्त करने के लिए एक सुरक्षित स्थान हैं, और एक पुरस्कृत अनुभव है।

हम जिन विषयों को शामिल करते हैं उनमें पैसे के बारे में धारणाएं, बचत, ऋण, पैसे की आदतें, सेवानिवृति और बहुत कुछ शामिल हैं।

व्यक्तिगत फाइनेंसियल कोचिंग सेशन या ग्रुप वर्कशॉप बुक करने के लिए कृपया **thefwc.org.au** पर ईमेल करें।